दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### अध्यक्ष खाण्डे अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित योजनाओं के संबंध में 27 सितम्बर को लेंगे जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

**रायगढ़।** छ.ग.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के.पी.खाण्डे 27 सितम्बर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित योजनाओं के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। इस मौके पर पदमा मनहर उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा), सचिव बी.एल. बंजारे उपस्थित रहेंगे।

### जिले में 1218.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 26 सितम्बर तक 1218.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 6.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1211.3 मिली मीटर, पुसौर में 1289.1, खरसिया में 1182.1, घरघोड़ा में 1181.1, तमनार में 1117.3, लैलूंगा में 1196.2, मुकडेगा में 1309.2, धरमजयगढ़ में 1276.4, छाल में 1133.5 एवं कापू में 1287.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### न्यायालय अपर आयुक्त, कैम्प कोर्ट रायगढ़ में नियत प्रकरणों की सुनवाई तिथि में परिवर्तन

**रायगढ़।** न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर कैम्प रायगढ़ में 16 एवं 17 नवम्बर 2023 को नियत समस्त प्रकरणों की सुनवाई तिथि में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया गया है। जिसमें 16 नवम्बर को नियत प्रकरण 23 नवम्बर तथा 17 नवम्बर को नियत प्रकरण 24 नवम्बर 2023 किया गया है।

### आवास योजना की राशि ट्रांसफर करने आ रहे फर्जी काल, मांग रहे बैंक डिटेल व आधार कार्ड की जानकारी, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**रायगढ़।** जिले के बहुत से हितग्राही व आम लोगों को कई अलग-अलग नंबरों से फर्जी कॉल आने की शिकायतें मिली है। जिसके माध्यम से कालर लोगों को यह बता रहे है कि उन्हें आवास योजना की राशि भेजी जानी है, जिसके लिए उनके बैंक डिटेल, आधार कार्ड और मोबाईल नंबर इत्यादि की जानकारी मांगी जा रही है। लोगों ने जब इन नंबरों को ट्रू कॉलर में सर्च किया तो वहां आवास योजना प्रधानमंत्री लिखा हुआ है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने लोगों को सचेत व सतर्क करते हुए कहा है कि इस प्रकार के फर्जी व धोखाधड़ी वाले कॉल्स से सावधान रहे। उन्हें किसी भी प्रकार की निजी जानकारी न दें। ऐसा कॉल आने पर अपने नजदीकी जनपद पंचायत अथवा पुलिस स्टेशन में तत्काल इसकी सूचना दें, ताकि ऐसे नंबरों पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जिन भी हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हुए है तथा राशि ट्रांसफर की जानी है। उनकी सारी जानकारी जिला प्रशासन के पास मौजूद है तथा शासन द्वारा राशि स्वीकृत होने पर उन्हें उनके खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है। इसके लिए किसी प्रकार की कॉल कर अतिरिक्त जानकारी नहीं मांगी जाती है। अत: सभी हितग्राहियों को सावधान रहने की अपील की जाती है।

## बारिश रुकते ही सड़कों के निर्माण और मरम्मत में दिखनी चाहिए तेजी- कलेक्टर

- डेंगू रोकथाम के लिए सप्ताह में एक दिन घरों में अनुपयोगी पानी खाली करने की चलेगी विशेष मुहिम
- लोक सेवा गारंटी के प्रकरण समय-सीमा में निराकृत करने कलेक्टर के अधिकारियों को निर्देश
- कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्रों का मिलना चाहिए पूरा लाभ, कलेक्टर ने दिए निर्देश
- धान खरीदी की तैयारियों की हुई समीक्षा
- कलेक्टर सिन्हा ली समय-सीमा की बैठक





**रायगढ़।** बारिश रुकने के पश्चात सड़कों की मरम्मत का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर सिन्हा ने आज बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बरसात समाप्त होने के पश्चात सड़कों में गड्ढों को भरना, पैच वर्क और मरम्मत के साथ सड़क निर्माण कार्यों में पूरी तेजी लाएं। उन्होंने इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत अधिकारियों को दी है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने डेंगू रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि डेंगू को नियंत्रित करने के लिए साफ.-सफाई व जन-जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने पूरे शहर में और खास तौर पर डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे तथा दवा के छिड़काव का अभियान जारी रखने के निर्देश दिए। आयुक्त नगर निगम ने बताया कि घर-घर में टीम जाकर लोगों को जागरूक कर रही है। इसके साथ ही 27 सितम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। यहां लोगों से अपने घरों में जमा पानी को साफ करने की अपील की जा रही है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि नियमित रूप से घरों में कुलर, गमले, टायर व कबाड़ इत्यादि से पानी खाली करने से डेंगू लार्वा को जल्द नियंत्रित किया जा सकेगा।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी और जल्द सभी प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी ली। बताया गया कि किसानों का पंजीयन अंतिम चरण में है। कलेक्टर सिन्हा ने गिरदावरी के माध्यम से वेरीफिकेशन करने के निर्देश दिए। साथ ही खरीदी केन्द्रों के व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने जाति प्रमाण पत्र निर्माण के बारे में भी जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों से ली। कलेक्टर सिन्हा ने प्रमाण पत्र के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**एनआरसी का कुपोषित बच्चों को मिले पूरा लाभ-** पोषण पुनर्वास केद्रों के बारे में चर्चा करते हुए कलेक्टर सिन्हा ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित सभी एनआरसी केंद्रों के बेड भरें होने चाहिए। इन केंद्रों का पूरा लाभ कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर करने में मिलना चाहिए। उन्होंने हमर लैब तथा स्वास्थ्य विभाग के जुड़े अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

## 'हर परिवार करेगा डेंगू पर वार' ... डेंगू रोकथाम के लिए शहर में चलेगा विशेष अभियान

- शहरवासियों से इस मुहिम में जुड़ने कलेक्टर ने की अपील

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में डेंगू के कारण एवं लक्षण, उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में रायगढ़ शहर में 27 सितम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर सिन्हा ने शहरवासियों से इस मुहिम से जुडऩे हेतु अपील की है।

**हर परिवार, करेगा डेंगू पर वार-**

दूर होगी डेंगू बीमारी, जब होगी हम सबकी भागीदारी के तहत डेंगू से बचाव के लिए 27 सितम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें लोगों को डेंगू से बचाव के लिए विभिन्न उपाय बतायें जायेंगे। जैसे घरों के दरवाजें, खिड़की व रोशनदान में जाली व पर्दे लगाकर, घरों के फुलदान, कूलर, फ्रीज की ट्रे आदि को साफ करके और सुखाकर, घर में क्वाइल जलाकर घरों को मच्छर मुक्त करने, घरों की आसपास की सफाई कर जमें हुए पानी पर जले हुए मोबिल का छिड़काव कर डेंगू से बचाव किया जा सकता है।

**जले हुए मोबिल के लिए करें कॉल-**

विभिन्न स्थानों में जमे हुए पानी में जले हुए मोबिल ऑयल डालकर डेंगू से बचाव किया जा सकता है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा मोबिल ऑयल का वितरण किया जा रहा है। जले हुए मोबिल उपलब्ध न होने पर जनसामान्य इस नंबर पर 07762222911 पर कॉल कर जले हुए मोबिल ऑयल प्राप्त कर सकते है।

**अपनी गतिविधियों को करें व्हाट्सअप, सर्वश्रेष्ठ फोटो एवं वीडियो को किया जाएगा सम्मानित-**

डेंगू से बचाव के लिए 27 सितंबर को चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जनसामान्य इस विशेष अभियान से जुड़कर डेंगू से बचाव संबंधी किए जा रहे अपनी गतिविधियों को अपने परिवार के साथ एक फोटो और 30 सेकेंड तक वीडियो लेकर उक्त मोबाइल नंबर 8553525150 पर वाट्सअप कर सकते है। सर्वश्रेष्ठ फोटो एवं वीडियो को नगर निगम द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## मोटर सायकल में गांजा तस्करी करते चार युवकों को लैलूंगा पुलिस ने किया गिरफ्तार

- आरोपियों से 03 किलो गांजा और मोटर सायकल जब्त
- लैलूंगा पुलिस ने कोडासिया-राजपुर रोड़ में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा



**रायगढ़।** दिनांक 25.09.2023 के शाम लैलूंगा पुलिस ने मोटर साइकिल में गांजा का तस्करी करते हुए चार युवकों को कोडासिया-राजपुर रोड़ में घेराबंदी कर पकड़ा गया है। कल दोपहर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज को ग्राम गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चार युवक एक होण्डा साईन मोटर सायकल में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु परिवहन करते उडिसा से लैलूंगा कोडासिया की ओर आ रहे हैं। इस पर लैलूंगा स्टाफ द्वारा कोडासिया-राजपुर रोड़ में घेराबंदी कर आरोपियों को धर दबोचा।

आरोपित युवकों को पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम – (1) शत्रुधन महंत पिता साहेब दास महंत उम्र 33 वर्ष, (2) राम गोपाल यादव पिता स्व0 प्रताप राम यादव उम्र 22 वर्ष, (3) रूपसिंह कवंर पिता एतवार सिंह कंवर उम्र 27 वर्ष साकिन बडेबांका थाना कटघोरा (4) बजरंग दास मानिकपुरी पिता स्व0 ज्ञानदास मानिकपुरी उम्र 25 वर्ष साकिन बरभांटा थाना कटघोरा जिला कोरबा (छ0ग0) बताया गया। उनके पास रखे थैला के अंदर 01-01 किलो का 03 नग पैकेट में अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ जिसका तौल कराने पर कुल 03 किलो गांजा कीमती 36,000/- रूपये पाया गया। आरोपियों को विधिवत नोटिस देकर अवैध गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक CG -12-BA-1480 कीमती 20,000/- रूपये को जब्त किया गया। मामले में लैलूंगा पुलिस ने चारों आरोपियों पर नारकोटिक्स एक्ट (धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट) के अनुसार कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेजा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के प्राप्त दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेव एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर कार्रवाई में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक जयशरण चन्द्रा, हेलारियुस तिर्की, सुमित एक्का शामिल रहे।

## फील्ड में काम के गुणवत्ता की लगातार मॉनिटरिंग करें अधिकारी -कलेक्टर

- अप्रारंभ कार्य को शीघ्र शुरू करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर ने ली जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक



रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। उन्होंने विभागीय काम के अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को अप्रारंभ कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ईई पीएचई को आगामी कार्ययोजना का शेड्यूल देने के लिए कहा, जिसके आधार पर ही आगे काम के प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस मौके पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी भी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़ी रही।

बैठक के दौरान कलेक्टर सिन्हा ने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति, उचित दर प्राप्त निविदाओं की स्वीकृति एवं कार्यादेश एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न मदों में भुगतान के संबंध में चर्चा किए। संबंधित अधिकारी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न मदों के अंतर्गत भुगतान का अनुमोदन किए जाने हेतु प्रस्तावित है। कलेक्टर सिन्हा ने अधिकारियों से कहा कि फील्ड में काम के गुणवत्ता की लगातार मॉनिटरिंग करें। उन्होंने पाइप लाइन बिछाने के साथ, टंकी का निर्माण और वहां से घरों में नल कनेक्शन प्रदान करना, इन सभी कामों की गति और गुणवत्ता का विशेष निगरानी रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिससे काम की क्वालिटी बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य लोगों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। फील्ड में जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यक प्रगति दिखनी चाहिए।

बैठक के दौरान ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत रायगढ़ के 7 एवं सारंगढ़ जिले के 2 विकासखण्ड में 3 लाख 13 हजार 129 एफएचटीसी की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुयी थी। जिसमें 3 लाख 10 हजार 874 का कार्यादेश जारी हो चुका है। जिसमें 25 सितम्बर 2023 की स्थिति में 01 लाख 92 हजार 138 एफएचटीसी प्रदाय किया जा चुका है। इस दौरान डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने किया औषधालय का शैक्षणिक भ्रमण



**रायगढ़।** जिले के ग्रामीण अंचल स्थित शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के विद्यार्थियों ने आज एक अनूठा और ज्ञानपूर्ण अनुभव प्राप्त किया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार थवाईत बच्चों को लेकर स्थानीय औषधालय पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों के महत्व और उपयोग के संदर्भ में जानकारी प्रदाय की।

शैक्षणिक भ्रमण में औषधालय के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.एम.महापात्रा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को तकरीबन दो दर्जन से अधिक विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों जैसे घृतकुमारी, हरिद्रा, करंज, नीम, गिलोय, तुलसी और हर्षृंगार आदि के औषधीय गुणधर्मों का विस्तारपूर्वक विश्लेषण कराया। साथ ही उनके उपयोग के तरीकों का भी अध्ययन कराया। बढ़ते क्रम में छात्रों ने सहायक प्राध्यापक योगेन्द्र कुमार राठिया और छात्राओं ने सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्ञानमणि एक्का की मेंटरशिप में वनस्पति जगत के महत्वपूर्ण पहलुओं से रूबरू होने के लिए हर्बल गार्डन का भी लुफ्त उठाया, जिससे उन्हें वनस्पतियों की विविधता और स्वास्थ्य संरक्षण में उनके योगदान के बारे में बेहद महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इस दौरे के माध्यम से, विद्यार्थियों ने न केवल सीखने का अवसर प्राप्त किया, बल्कि उन्होंने वनस्पतियों के महत्व को सामाजिक मनोरंजन के साथ समझने का मौका भी मिला। विद्यार्थी भी इस भ्रमण को लेकर खूब उत्साहित रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय में विगत दो वर्षों से संचालित हो रहे हैं। जो उन्हें कुछ नया सीखने और कर गुजरने के लिए प्रोत्साहित करते है।

उल्लेखनीय है कि इसके परिणामस्वरूप, विद्यार्थियों को औषधियों के महत्व और उनके उपयोग के प्रति अधिक जागरूकता हुई, साथ ही उन्होंने एक अनुकरणीय शिक्षाप्रद अनुभव प्राप्त किया।

## खाकी की मानवीय संवेदना : चक्रधरनगर पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को मनोरोग अस्पताल में कराया भर्ती



**रायगढ़।** पुलिसकर्मियों के मानवीय कार्य से समाज में पुलिस की छवि अच्छी बनती है। कई बार जिला पुलिस के अधिकारियों को ड्यूटी के साथ-साथ इन्सानियत के कार्य करते देखा गया है। ऐसा ही एक मानवीय कार्य थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर से देखने मिला। उन्होंने क्षेत्र की मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के ईलाज में मदद की गुहार लेकर थाने आये व्यक्ति को निराशा नहीं किये और अस्वस्थ व बेसहारा महिला की मदद कर उसे शीघ्र उचित उपचार के लिए सेंदरी बिलासपुर अस्पताल में भर्ती कराया ताकि वह स्वस्थ्य होकर सामान्य रूप से जीवन यापन कर सके।

दरअसल कुछ दिनों पहले थानाक्षेत्र में निवासरत मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला (30 साल) को उसके मामा लेकर थाना चक्रधरनगर आया और थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर से अपनी व्यथा बताया कि उनकी भांजी आशा ( परिवर्तित नाम) के माता-पिता और पति का देहांत हो गया। आशा की दिमाग़ी स्थिति ठीक नहीं होने से अपने स्तर पर ईलाज कराया, ठीक नहीं हुई। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, आगे आशा के ईलाज में मदद की आस लेकर थाना आया है। थाना प्रभारी आशा की दशा देखकर उसके मामा को ईलाज में मदद का आश्वासन दिये। तत्पश्चात थाना प्रभारी द्वारा आशा के उचित ईलाज के लिये आवेदन तैयार कराकर मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ0 राजेश अजगल्ले से आशा की जांच कराए। डॉक्टर ने आशा का मनोरोगी अस्पताल में ईलाज कराये जाने की मशवरा दिये जाने पर थाना प्रभारी ने आशा को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से अनुमति मिलने पर आज चक्रधरनगर थाने की महिला स्टाफ़ के मार्फत आशा को राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी में बेहतर ईलाज के लिये भर्ती कराया गया। क्षेत्र के रहवासी चक्रधरनगर पुलिस की इस पहल की सराहना की जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को दी 131.68 करोड़ के 691 कार्यों की सौगात

- शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं





**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने रायपुर निवास कार्यालय में राज्य के 26 जिलों में 6080 करोड़ रूपए की लागत के 7 हजार 300 विभिन्न विकास कार्यो का वर्चुअल लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें रायगढ़ जिले के 131 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत के 691 कार्य शामिल है। इनमें 46 करोड़ 1 लाख रूपए की लागत के 157 भूमिपूजन कार्य और 34 करोड़ 37 लाख रूपए की लागत के 464 लोकार्पण तथा 51 करोड़ 30 लाख के 70 शिलान्यास के कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' ध्येय वाक्य के साथ आम जनता के आय में वृद्धि करने के साथ-साथ लगातार अधोसंरचना का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही किसान, मजदूर, युवाओं-महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गो के उत्थान और कल्याण के लिए अनेक जन हितैषी कार्य चलाए जा रहे हैं, जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है।

कलेक्ट्रेट के सृजन सभा कक्ष में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में महापौर जानकी काटजू, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

आयोजित लोकार्पण भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 11.16 करोड़ के 119 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 9.73 करोड़ के 5 कार्य, नगर पालिक निगम में 2.86 करोड़ के 10 कार्य, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के 22.26 करोड़ की 23 भूमिपूजन कार्य शामिल है।

इसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 4.73 करोड़ के 48 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 21.69 करोड़ के 2 कार्य, नगर पालिक निगम के 6.07 करोड़ के 12 कार्य, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के 6.32 करोड़ के 3 तथा आदिवासी विकास विभाग के 12.49 करोड़ के 5 शिलान्यास कार्य शामिल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 3.28 करोड़ के 32 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 6.73 करोड़ के 3 कार्य, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 93 लाख के 3 कार्य, नगर पालिक निगम के 1.19 करोड़ के 3 कार्य, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के 73 लाख के 2 कार्य, वन विभाग के 1.14 करोड़ के 5 कार्य तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 20.37 करोड़ के 416 लोकार्पण कार्य शामिल है। इसी तरह जिले में 131.68 करोड़ के कुल 691 कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण तथा शिलान्यास कार्य मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480